प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 14.10.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :—

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच में हुई हिंसा को लेकर आज लखनऊ में की उच्च स्तरीय बैठक : दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का दिया आदेश।
2. आजम खान को नहीं मिली सर्वोच्च न्यायालय से राहत : जौहर यूनिवर्सिटी को दी गई जमीन की लीज रद्द करने के आदेश के खिलाफ दायर याचिका खारिज।
3. महाकुंभ के लिये प्रयागराज के 9 प्रमुख रेलवे स्टेशनों की सुविधा और क्षमता में किया जा रहा है विस्तार : 992 मेला स्पेशल ट्रेनों के संचालन की योजना।

और

4. लखनऊ में उत्तर प्रदेश और बंगाल के बीच खेला जा रहा रणजी ट्रॉफी मुकाबला हुआ ड्रा : आखिरी दिन उत्तर प्रदेश के बल्लेबाज प्रियम गर्ग ने बनाये नाबाद 105 रन।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच में हुई हिंसा की घटना को लेकर आज लखनऊ में एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आदेश दिया। बहराइच के हरदी क्षेत्र में कल दुर्गाप्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई झड़प में एक युवक की मौत के बाद स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। अपर

मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार, एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश आज बहराइच पहुंचे। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.........

*बहराइच में कल हुई घटना के बाद पुलिस ने 30 लोगों को हिरासत में लिया है। इसके साथ ही हरदी थाना के प्रभारी निरीक्षक समेत दो पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। गोलीबारी में मारे गए युवक का आज दोपहर उसके गांव रेहुआ मंस़ूर में पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कराया गया। घटना स्थल से 15 से 20 किलोमीटर के आसपास तक आगजनी और पथराव किया गया। स्थिति को देखते हुए जिले में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। फिलहाल आला अधिकारी बहराइच में मौजूद रहकर स्थिति पर नज़र बनाए हुए हैं। अखिलेश श्रीवास्तव, आकाशवाणी समाचार, बहराइच।*

——————

सर्वोच्च न्यायालय ने आजम खान की जौहर यूनिवर्सिटी को दी गई जमीन की लीज रद्द करने के आदेश के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी है। शीर्ष अदालत ने आज हुई सुनवाई में प्रदेश सरकार से कहा कि वो यह सुनिश्चित करे कि जौहर यूनिवर्सिटी मे पढ़ने वाले सभी छात्रों का दाखिला दूसरे शैक्षणिक संस्थानों में हो सके। मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर प्रदेश सरकार की ओर से यूनिवर्सिटी को दी गई जमीन की लीज को रद्द करने के फैसले को चुनौती दी थी।

——————

सर्वोच्च न्यायालय ने आज कोविड–19 वैक्सीन के कारण रक्त के थक्के जमने जैसे दुष्प्रभावों का आरोप लगाने वाली याचिका को खारिज कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि जनहित याचिका सिर्फ सनसनी फैलाने के लिए दायर की गई थी।

—————————

बरेली के रुहेलखंड विश्वविद्यालय के 22वें दीक्षांत समारोह में 94 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और 187 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि राज्यपाल और कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में प्रदान की गयी। दीक्षांत कार्यक्रम में एनआईटी जालंधर के निदेशक प्रो. बिनोद कुमार कन्नौजिया भी मौजूद रहे। इस अवसर पर राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों को विदेशी छात्रों को पढ़ाई के लिए आकर्षित करने के लिए विकसित करने पर जोर दिया।

—————————

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह कल भदोही में चार दिवसीय अंतराष्ट्रीय कालीन मेला का शुभारंभ करेंगे। कालीन निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा आयोजित में देशभर से 260 कालीन निर्यातक अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। इस कालीन मेले में 67 देशों के 500 खरीदार शामिल होंगे।

—————————

ग्रेटर नोएडा में यातायात प्रबंधन को अधिक कुशल और सुरक्षित बनाने के लिए प्रदेश सरकार जल्दी ही इंटीग्रेटेड एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की स्थापना करेगी। 227.60 करोड़ रुपए की इस परियोजना में ग्रेटर नोएडा के 357 लोकेशंस पर हाई क्वॉलिटी सीसी टीवी सर्विलांस कैमरों की स्थापना की जाएगी, जिससे ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के चप्पे–चप्पे की निगरानी हो सकेगी। इस परियोजना में एक व्यापक यातायात प्रबंधन प्रणाली, वीडियो निगरानी, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली व सार्वजनिक सूचना प्रणाली विकसित होगो। वहीं प्रक्रिया के अंतर्गत, इंटीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर–आईसीसी की भी स्थापना होगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकार की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रेरण सिंह ने इस बारे में अधिक जानकारी दी। बाइट.....

*इसमें एक आई ट्रिपल सी इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर जोकि ग्रेटर नोएडा इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी की ही बिल्डिंग में संचालित होगा। 2700 कैमरे हैं जो अलग अलग जगहों पर लगाए जाएंगे। ये 4 मेगा पिक्सल के डे एंड नाइट फिक्स्ड कैमरे हैं और इसी के साथ पीटीज़ेड कैमरा भी है जो 38 जूम के साथ है। इसमें अच्छी व्यवस्था रहेगी और बहुत अच्छे से हम चीजों को देख पाएंगे। इसी के अलावा जो इसका इम्प्लीमेंटेशन फेज है वो करीब 15 महीने का है और 5 साल का इसका ओएमएम का फेज है।*

———————

कुशीनगर में नगरपालिका परिषद पडरौना ने क्षेत्र के सभी मंदिरों के पुजारियों को मानदेय देने की घोषणा की है। नगर पालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय

जायसवाल ने बताया कि प्रदेश में ये कदम पहली बार उठाया गया है। इसके तहत प्रत्येक पुजारी को 1500 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इससे मंदिर के पुजारियों को आर्थिक सहायता मिलेगी।

———————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

मुरादाबाद से मुंबई तक का सफर अब आसान हो गया है। रेलवे ने लालकुंआ से मुंबई के लिए बांद्रा–लालकुआं सुपरफास्ट ट्रेन का संचालन शुरू करने का फैसला किया है। ट्रेन का ठहराव मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर भी दिया गया है। मुरादाबाद और आसपास के ज़िलों से बड़ी संख्या मे व्यापारी मुंबई आते जाते हैं। पहले उन्हें मुंबई जाने कि लिए दिल्ली जाना पड़ता था, लेकिन अब मुरादाबाद में इस ट्रेन का स्टापेज होने से यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी।

मुरादाबाद डिविज़न के डीसीएम आदित्य गुप्ता ने इस बारे में जानकारी दी। बाइट......

*एक गाड़ी का बोर्ड से अभी अप्रूवल हुआ है। ये सप्ताह में एक बार चलेगी। इसका इनॉगुरेशन वाला जो रन है जो पहला रन है वो कल बांद्रा स्टेशन से हुआ था और आज ये गाड़ी शाम पाँच बज के दस मिनट पे मुरादाबाद में आएगी शेड्यूल और ये फर्दर जाके लालकुआ में टर्मिनेट होगी। उसका नोटिफिकेशन अभी निकलना ड्यू है। ये निकलते ही इस गाड़ी की रेगुलर रनिंग चालू हो जाएगी।*

——————

महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रयागराज के 9 प्रमुख रेलवे स्टेशनों की सुविधा और क्षमता में विस्तार की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज जंक्शन, नैनी जंक्शन, छिवकी जंक्शन, रामबाग जंक्शन, झूंसी जंक्शन, फाफामऊ जंक्शन, प्रयाग जंक्शन और प्रयागघाट जंक्शन पर मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इसके तहत इन स्टेशनों पर नवीनीकरण और विकास कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। महाकुंभ के लिए रेलवे 992 मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन करेगा। एक रिपोर्ट.........

*महाकुंभ 2025 के सफल आयोजन के लिए राज्य सरकार और रेलवे प्रशासन मिलकर व्यापक तैयारियां कर रहे हैं। प्रयागराज के रेलवे स्टेशनों की क्षमता और सुविधाओं में विस्तार के साथ विशेष ट्रेनों का संचालन, पैदल मार्ग की व्यवस्था और आपातकालीन योजनाएं पर भी काम किया जा रहा है। रेलवे प्रशासन ने रेलवे स्टेशनों पर 90 होल्डिंग एरिया चिन्हित किए हैं। इन होल्डिंग एरिया में आपात स्थिति में श्रद्धालुओं को रोका जा सकेगा, ताकि स्टेशन पर भीड़ का दबाव कम रहे और यात्रा सुगम हो। महाकुंभ में आने*

*वाले श्रद्धालुओं को मेला क्षेत्र तक पहुंचने में कोई समस्या न हो, इसके लिए रेलवे स्टेशन से मेला क्षेत्र तक पैदल मार्ग की भी व्यवस्था की गई है। इससे भीड़–भाड़ और अव्यवस्था की स्थिति से बचा जा सकेगा। आकाशवाणी लखनऊ समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

————————

फतेहपुर में मिशन शक्ति अभियान के पांचवे चरण केतहत 12वीं की बोर्ड परीक्षा में प्रदेश स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा आक्षां विश्वकर्मा को एक दिन के लिए जिलाधिकारी बनाया गया। उधर बदांयू में मिशन शक्ति अभियान के तहत आज कक्षा 12 की छात्रा अंशी को एक दिन के लिए थाना इस्लामनगर का प्रभारी बनाया गया।

————————

प्रदेश में बीते 24 घंटों में अलग–अलग सड़क हादसों में नौ लोगों की मौत हो गई। कानपुर के पनकी थाना क्षेत्र में हाईवे पर आज सुबह ट्रक और कार की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में कार चालक के अलावा इंज़ीनियरिंग कॉलेज में पढ़ने वाले दो यवक और दो युवतियां शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ योगी ने हादसे पर दुख जताया है।

वहीं, कौशांबी के मंझनपुर थाना क्षेत्र में टिकरीटेवा गांव के रहने वाले चार लोग रविवार रात बाइक से धाता फतेहपुर जा रहे थे। बाजापुर गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। इससे एक महिला की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोगों ने अस्पतालों

में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक अन्य महिला का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

————————

लखनऊ के अटल बिहारी वाजपई इकाना स्टेडियम में उत्तर प्रदेश औऱ बंगाल के बीच खेला जा रहा रणजी ट्रॉफी मुकाबला आज ड्रा हो गया। आज की पारी में यूपी के बल्लेबाज प्रियम गर्ग ने नाबाद 105 रन बनाएं। इससे पहले बंगाल की टीम ने उत्तर प्रदेश के सामने जीत के लिए 274 रन का लक्ष्य रखा था। बंगाल ने चौथे दिन तीन विकेट पर 254 रन बनाकर अपनी दूसरी पारी घोषित कर दी थी। जवाब में अपनी दूसरी पारी में उत्तर प्रदेश की टीम ने छह विकेट खोकर 162 रन बनाए थे।

————————